दिन– बुधवार दिनांक– 12 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने आजादी के बाद सबसे अधिक मतदान का इतिहास रचा। दो सौ तैंतालीस विधानसभा सीटों के लिए रिकॉर्ड छियासठ दशमलव नौ एक प्रतिशत हुआ मतदान।

02. पटना समेत विभिन्न जिलों में छियालीस स्थानों पर चौदह नवम्बर को होगी मतगणना। दो हजार छह सौ से अधिक उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का होगा फैसला।

03. विधानसभा चुनावों में अधिकांश एग्जिट पोल में एनडीए को बढ़त मिलने का अनुमान। महागठबंधन ने एग्जिट पोल पर उठाये सवाल।

04. और, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के रेडियो पर ऐतिहासिक संबोधन की याद में आज मनाया जा रहा है लोक सेवा प्रसारण दिवस।

---

विधानसभा चुनाव में प्रदेश के मतदाताओं ने आजादी के बाद सबसे अधिक मतदान करते हुये इतिहास रच दिया है। दो सौ तैंतालीस विधानसभा सीटों के लिए हुये चुनाव के दोनों चरणों में रिकॉर्ड छियासठ दशमलव नौ एक प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बिहार में वर्ष उन्नीस सौ इक्यावन के बाद से हुए सभी चुनावों में सबसे ज्यादा मतदान प्रतिशत इस बार दर्ज किया गया।

–––बाईट–––

हमारे संवाददाता ने बताया कि इस बार के चुनाव में महिलाओं की भी रिकॉर्ड इकहत्तर प्रतिशत से अधिक की भागीदारी रही। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

इधर, कल दूसरे चरण के मतदान के दौरान उनहत्तर प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। राज्य मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि इस चरण में लगभग तीन करोड़ सत्तर लाख से अधिक मतदाता थे।

–––बाईट–––

इधर, दूसरे चरण में कटिहार जिले में सबसे अधिक नवासी दशमलव एक शून्य प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, किशनगंज में अठहत्तर दशमलव एक छह प्रतिशत और पूर्णिया में छिहत्तर दशमलव चार पांच प्रतिशत वोट डाले गये। इसके अलावा सुपौल, पूर्वी चम्पारण और बांका जिले में भी सत्तर प्रतिशत से अधिक मत पड़े। सबसे कम नवादा में सत्तावन दशमलव आठ छह प्रतिशत मतदान हुआ। हांलाकि ये आंकड़ा पिछले

चुनाव की तुलना में आठ प्रतिशत अधिक है। इस चरण में बीस जिलों की एक सौ बाईस सीटों के लिए मतदान हुआ। प्रदेश की सभी दो सौ तैंतालीस विधानसभा क्षेत्रों के लिए छह नवंबर और ग्यारह नवंबर को दो चरणों में मतदान हुआ था।

---

विधानसभा चुनाव के लिए चौदह नवम्बर को मतगणना होगी। मतगणना क लिए पटना समेत राज्य के विभिन्न जिलों में छियालीस स्थानों पर मतगणना केंद्र बनाये गये हैं। सभी मतगणना केंद्रों के पास स्थित स्ट्रॉन्ग रूम में तीन चक्रों में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। सीईओ विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि सभी संबंधित जिलों में मतगणना केंद्रों और स्ट्रॉन्ग रूम पर सीसीटीवी कैमरे के जरिये निगरानी की जा रही है। इन स्थलों पर उम्मीदवारों और उनके मतगणना अभिकर्ताओं को भी निगरानी में मौजूद रहने के इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी को आयोग के दिशा–निर्देशों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है। इधर, पटना जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस.एम. ने बताया कि मतगणना के लिए एक हजार पचास कर्मियों और पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

---

अब चुनाव से जुड़ी अन्य खबरें....

अररिया जिले के सभी थाना क्षेत्रों में द्वितीय चरण के मतदान के दौरान शांति भंग करने और मतदान में बाधा पहुंचाने के मामले में तिरानवे लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अररिया के एसपी अंजनी कुमार ने बताया कि इन सभी पर कार्रवाई की जा रही है।

---

पूर्णिया में मतदान के दौरान गड़बड़ी करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से चार पर फर्जी मतदान करने और एक व्यक्ति पर मतदान के दौरान मोबाईल से वीडियो बनाने का आरोप है।

---

पूर्वी चम्पारण जिले के छह विधानसभा क्षेत्र में फर्जी मतदान करने के आरोप में पुलिस ने चौबीस लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, शिकारगंज में बूथ संख्या एक सौ चौरानवे पर मोबाईल से मतदान करने का वीडिया बनाने का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।

---

शिवहर जिले में विभिन्न मतदान केन्द्रों से फर्जी मतदान करने के आरोप में सीआरपीएफ ने छह लोगों को गिरफ्तार कया है।

---

विधानसभा चुनावों में अधिकांश एग्जिट पोल में एनडीए को बढ़त मिलने का अनुमान लगाया गया है। कई निजी समाचार चैनलों और एजेंसियों के सर्वेक्षणों में अनुमान व्यक्त किया गया है कि एनडीए गठबंधन बिहार विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा पार कर जाएगा। सर्वेक्षणों के अनुसार एनडीए को लगभग एक सौ तीस से एक सौ अड़तीस सीटें मिलने की उम्मीद है, जबकि महागठबंधन को लगभग सौ से एक सै आठ सीटें मिल सकती हैं। जन सुराज पार्टी और अन्य छोटे दल शून्य से पांच सीटें तक मिलने का अनुमान है।

---

एग्जिट पोल पर एनडीए, महागठबंधन और अन्य दलों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एनडीए ने इसे विकास की जीत बताया है। वहीं, महागठबंधन ने एग्जिट पोल के विश्वसनियता पर सवाल उठाये हैं।

---

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बन रही है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि हम विकसित बिहार बनाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं।

———बाईट———

---

बेतिया विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रेणु देवी ने कहा है कि बिहार का विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि यह झूठे वादों के लिए नही, बल्कि विकास के लिए वोट है।

———बाईट———

---

जदयू के वरिष्ठ नेता के.सी. त्यागी ने कहा है कि यह चुनाव लालू यादव के कुशासन और नीतीश कुमार के सुशासन के बीच था। उन्होंने कहा कि एनडीए दो तिहाई बहुमत से चुनाव जीतेगा।

———बाईट———

---

पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने भी एग्जिट पोल पर सवाल उठाया है। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि चुनाव में बिहार की जनता ने महागठबंधन को वोट दिया है।

---बाईट---

---

राजद के वरिष्ठ नेता मनोज कुमार झा ने कहा है कि प्रदेश में बदलाव की लहर है। एग्जिट पोल पर सवाल उठाते हुये श्री झा ने कहा कि चौदह नवम्बर को बिहार में तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी।

---बाईट---

---

भागलपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अजीत शर्मा ने एग्जिट पोल को नकारते हुये कहा कि मतगणना होने के बाद ही विजेता का फैसला होगा।

---बाईट---

---

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस है। यह दिवस हर साल बारह नवंबर को राष्ट्रपिता और स्वतंत्रता सेनानी महात्मा गांधी के रेडियो के माध्यम से दिए गए ऐतिहासिक संबोधन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

---बाईट---

अब सुनते हैं लोक सेवा प्रसारण दिवस पर एक रिपोर्ट--

---रिपोर्ट---

---

दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास कार में विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़ कर बारह हो गयी है। मृतकों में समस्तीपुर जिले के पंकज सहनी भी शामिल हैं। इधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूटान के थिम्पू में एक कार्यक्रम में संबोधन के दौरान कहा कि जांच एजेंसियां मामले की तह तक जायेंगी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने दूसरे चरण के मतदान से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की बड़ी खबर है – बिहार में मतदान का कीर्तिमान। महिलाओं ने पुरूषों से नौ फीसदी अधिक मतदान किया।

दैनिक भास्कर ने विधानसभा चुनाव पर एनडीए और महागठबंधन के आरोप–प्रत्यारोप को बड़ी खबर बनाया है। अखबार ने राजद के हवाले से लिखा है – भाजपा वाले जदयू को वोट नहीं दे रहे। भाजपा ने कहा– तेजस्वी से अलग हुए मुकेश सहनी।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– आतंकी हमला था लाल किला धमाका, एनआईए करेगी जांच। छब्बीस घायलों में कई की हालत गम्भीर।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने आजादी के बाद सबसे अधिक मतदान का इतिहास रचा। दो सौ तैंतालीस विधानसभा सीटों के लिए रिकॉर्ड छियासठ दशमलव नौ एक प्रतिशत हुआ मतदान।

02. पटना समेत विभिन्न जिलों में छियालीस स्थानों पर चौदह नवम्बर को होगी मतगणना। दो हजार छह सौ से अधिक उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का होगा फैसला।

03. विधानसभा चुनावों में अधिकांश एग्जिट पोल में एनडीए को बढ़त मिलने का अनुमान। महागठबंधन ने एग्जिट पोल पर उठाये सवाल।

04. और, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के रेडियो पर ऐतिहासिक संबोधन की याद में आज मनाया जा रहा है लोक सेवा प्रसारण दिवस।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।